**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**वित्तीय सेवाएं विभाग**

जीवन दीप भवन, द्वितीय तल,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में पूर्ण-कालिक सदस्य (वित्त और निवेश) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करना।**

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण की स्थापना बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के द्वारा की गई है। निम्नांकित पदों के लिए पात्र अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित हैं:

| क्रम सं. | पद का नाम | रिक्तियों की सं. | रिक्तियों की तारीख | समेकित वेतन और भत्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ण-कालिक सदस्य (वित्त और निवेश) | 1 | 02.12.2023 | आवास और कार की सुविधा के बिना 4.00 लाख प्रति माह |

2. विस्तृत निबंधन एवं शर्तें वित्तीय सेवाएं विभाग (http://financialservices.gov.in) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

3. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख 10.08.2023 है।

**(विनोद कुमार)**
**अवर सचिव भारत सरकार**
**वित्तीय सेवाएं विभाग**
**वित्त मंत्रालय**
**कमरा सं.-10,जीवन दीप भवन, द्वितीय तल**
**संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**दूरभाष: 23748788**

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण में पूर्ण-कालिक सदस्य (वित्त और निवेश) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

1. **अर्हता तथा अनुभवः**

(क) आवेदक को निपुण, सत्यनिष्ठ और ख्याति प्राप्त होना चाहिए जिसे जीवन बीमा, साधारण बीमा, बीमांकिकी, वित्त, अर्थशास्त्र, विधि, लेखाविधि, प्रशासन और किसी अन्य विषय, जो केन्द्र सरकार के विचार में प्राधिकरण के लिए उपयोगी हो, की जानकारी और अनुभव हो।

(ख) आवेदक को वित्त और निवेश में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें तीन वर्ष का अनुभव भारतीय रिजर्व बैंक अथवा उसके समकक्ष वित्तीय संस्थाओं/विनियामकीय निकाय में वरिष्ठ स्तर, जो मुख्य महाप्रबंधक के पद से कम नहीं हो, पर हो।

(ग) आवेदक भारत का नागरिक हो।

इसके अतिरिक्त,

(i) आवेदक को संबंधित संगठन में अधिमानत: वरिष्ठ कार्यपालक अथवा प्रबंधन के पद पर कम से कम 25 वर्ष का अनुभव हो।

(ii) आवेदक सरकारी सेवक अधिमानतः भारत सरकार में कम से कम अपर सचिव अथवा राज्य सरकारों में उसके समकक्ष स्तर पर कार्य किया हो।

(iii) सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदक अधिकारी अधिमानतः बोर्ड स्तर से अधिकतम एक स्तर कम के पद पर कार्य किया हो।

(iv) विनियामकीय क्षेत्र के आवेदक अधिमानतः विनियामकीय निकाय में कम से कम कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्य किया हो।

(v) निजी क्षेत्र के आवेदक अधिमानतः कार्यकारी प्रमुख के स्तर पर कार्य किया हो जो बोर्ड स्तर से अधिकतम एक स्तर कम हो।

(vi) शिक्षाविद आवेदक अधिमानतः संबंधित विभाग अथवा संकाय में कम से कम प्रोफेसर के रूप में कार्य किया हो।

(vii) आवेदक, जो पूर्वोक्त श्रेणियों में आने वाले पेशेवरों से अलग हैं, को उपर्युक्त खंड (क) और (ख) में उल्लिखित पेशेवर क्षेत्र में अनुभव और प्रमाणिकताओं के समतुल्य अनुभव एवं प्रमाणिकताएं हों।

(viii) आवेदक का नेतृत्व और निर्णय लेने के संबंध में प्रामाणिक रिकार्ड हो।

2. **आयुः** रिक्ति की तारीख, अर्थात् 02.12.2023 को आवेदक के पास न्यूनतम दो वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए, अर्थात् उक्त तिथि को आवेदक की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

3. **वेतन और भत्तेः** पूर्ण-कालिक सदस्य के समेकित वेतन और भत्ते आवास और कार की सुविधा के बिना 4,00,000/- रुपए प्रतिमाह होंगे। सदस्य की सेवा संबंधी अन्य निबंधन एवं शर्तें बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को देय वेतन तथा भत्ते और सेवा की अन्य निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2000 द्वारा अभिशासित होंगी।

4. **पदावधिः** सदस्य का कार्यकाल बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 के अंतर्गत संगत उपबंधों और इस संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार होगा, परंतु यह कि कोई भी पूर्ण-कालिक सदस्य बासठ वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात् पद पर नहीं बने रहेंगे।

5. **आवेदन को जमा करानाः** आवेदक का संक्षिप्त जीवन-वृत्त और एक पासपोर्ट आकार वाली फोटो तथा तीन जानने वालों के नाम एवं संपर्क विवरण के साथ संलग्न प्रारूप में स्पष्ट रूप से पात्रता दर्शाने

वाला आवेदन निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे में जिस पर "पूर्णकालिक सदस्य (वित्त और निवेश), भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पद के लिए आवेदन" लिखा हो, निम्न के पास भेजे जाएं:

श्री विनोद कुमार
अवर सचिव, भारत सरकार
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
कमरा सं. 10, जीवन दीप भवन, द्वितीय तल,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
दूरभाषः 011 - 23748788

6. **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथिः** 10.08.2023 है।

*नोटः*

(i) वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, किसी भी स्थिति में, आवेदन प्राप्त न होने अथवा विलंब से आवेदन प्राप्त होने के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

(ii) नियुक्ति, केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय क्षेत्र विनियामकीय नियुक्ति सर्च समिति की सिफारिश पर की जाएगी। समिति मेधा के आधार पर वैसे किसी भी व्यक्ति को चिह्नित करने तथा उसकी अनुशंसा करने के लिए स्वतंत्र होगी जिसने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया हो। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता तथा अर्हता/अनुभव मानदंडों में छूट की सिफारिश कर सकती है।

(iii) सरकार को प्रशासनिक अनिवार्यता, यदि कोई हो, के कारण, किसी भी स्तर पर चयन और नियुक्ति प्रक्रिया को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने/वापिस लेने का अधिकार होगा।

## आवेदन का प्रारूप

________________________________________ पद के लिए आवेदन

अपने पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं और उस पर आर-पार हस्ताक्षर करें।

सेवा में,

श्री विनोद कुमार
अवर सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग,
वित्त मंत्रालय, द्वितीय तल,
जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110 001

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (साफ अक्षरों में) | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 2. | पिता/पति का नाम | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 3. | जन्मतिथि | दिन | माह | वर्ष | 4. | रिक्ति की तारीख को आयु | दिन | माह | वर्ष |
| 5. | राष्ट्रीयता | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 6. | क) शैक्षिक | | | | | | | | |
| | अर्हता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | प्रतिशतता | | | | |
| | ख) व्यवसायिक | | | | | | | | |
| | अर्हता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | प्रतिशतता | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 7. | अनुभव का ब्यौरा और संक्षिप्त सेवा विवरण | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | पद (नियमित / तदर्थ) /संगठन का ब्यौरा | अवधि (से – तक) | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य का स्वरूप | टिप्पणी/पद से संगत कोई अन्य सूचना | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 8. | मौजूदा नियोक्ता/संस्था का नाम/पताः | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 9 | वर्तमान में धारित पदः | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 10. | वर्तमान पद पर किस तिथि से कार्यरत हैं: | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| 11. | पत्राचार हेतु पूरा पता, दूरभाष तथा ई-मेल का ब्यौराः | | | | | | | | |
| | स्थायी पताः | | | | | | | | |
| | वर्तमान पत्राचार का पताः | | | | | | | | |
| | ई-मेल | दूरभाष | कार्यालय | मोबाईल | | | | | |
| 12. | आवेदन के समर्थन में कोई अन्य संगत सूचना | | | | | | | | |

घोषणाः
मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं पूर्ण हैं। मैं यह जानता हूं कि मेरे द्वारा दिए गए किसी ब्यौरे अथवा सूचना के गलत/अपूर्ण/अथवा अनुचित पाए जाने पर मेरी पात्रता अस्वीकृत अथवा रद्द कर दी जाएगी और नियुक्ति के पश्चात् भी यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है तो मेरी सेवा बिना किसी नोटिस के समाप्त की जा सकती है।

संलग्नकों की संख्याः_________ शीट
(अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)

नामः ______________________